# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

**थाना मडियांव की पहल: मिशन शक्ति 5.0 में बच्चों को सिखाई सुरक्षा की एबीसी।**

**थाना मडियांव टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत यूनिवर्सल पब्लिक इंटर कालेज नौबस्ता मड़ियांव लखनऊ में विशेष बाल सुरक्षा एवं जागरूकता सत्र आयोजित, स्कूली बच्चों को 'गुड टच-बैड टच', अनजान व्यक्तियों से सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में किया जागरुक।**

**दिनांक-16.12.2025**

**लखनऊ, दिनांक 15 अक्टूबर, 2025:** "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अंतर्गत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने आज एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल करते हुए स्कूली बच्चों को "सुरक्षित स्पर्श" (Good Touch) और "असुरक्षित स्पर्श" (Bad Touch) के बारे में जागरूक करने तथा अनजान लोगों से सतर्क रहने का विशेष प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम बच्चों को यौन शोषण एवं अपहरण जैसे जोखिमों से बचाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### आयोजन/आयोजक

- उप निरीक्षक रफ़अत उल्लाह, थाना मड़ियाव लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उप निरीक्षक रीना वर्मा, थाना मड़ियाव लखनऊ कमिश्नरेट
- स्थान: यूनिवर्सल पब्लिक इंटर कालेज नौबस्ता मड़ियांव लखनऊ

### प्रतिभागी अधिकारी:

- उप निरीक्षक रफ़अत उल्लाह, थाना मड़ियाव लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उप निरीक्षक रीना वर्मा, थाना मड़ियाव लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उप निरीक्षक आरजू प्रजापति, थाना मड़ियाव लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला उप निरीक्षक सपना, थाना मड़ियाव लखनऊ कमिश्नरेट
- स्थान: यूनिवर्सल पब्लिक इंटर कालेज नौबस्ता मड़ियांव लखनऊ के करीम 40-50 बच्चे।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 16.12.2025 को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत आज दिनांक यूनिवर्सल पब्लिक इंटर कालेज नौबस्ता मड़ियांव लखनऊ में छात्र व छात्राओं को थाने पर बने महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, महिला हेल्प डेस्क ,महिला संबधी योजनाओं की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए, बच्चियों को बैड टच और गुड टच के बारे में बताते हुए कार्यक्रम में मिशन शक्ति केंद्रों के प्रमुख कार्यों, समाज में उनकी भूमिका तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए इन केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुरक्षा एवं सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, नारी स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा के मुद्दों पर भी गहन चर्चा की गई तथा थानों पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्रों, महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली और राज्य सरकार की महिला-कल्याण संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की गई। समस्त प्रतिभागियों को इन सेवाओं की विस्तृत जानकारी से युक्त जागरूकता पैम्पलेट भी वितरित किए गए, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इन संसाधनों का लाभ उठा सकें।

## कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:

**1. "गुड टच" एवं "बैड टच" की समझ:**

- पुलिस टीम ने बच्चों को बहुत ही सरल और समझने योग्य भाषा में "गुड टच" (जैसे माता-पिता का प्यार भरा स्पर्श) और "बैड टच" (ऐसा स्पर्श जो असहज करे या डरावना लगे) के बीच अंतर समझाया।
- पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सरल और संवेदनशील तरीके से समझाया कि किस प्रकार किसी व्यक्ति द्वारा किया गया स्पर्श अच्छा (सुरक्षित) या बुरा (असुरक्षित) हो सकता है, और ऐसे मामलों में तुरंत किसी विश्वसनीय अभिभावक, अध्यापक या पुलिस को सूचित करना चाहिए।

**2. माता-पिता और अभिभावकों को जानकारी साझा करना (Reporting Mechanism):**

- सत्र के दौरान बच्चों को यह बताया गया कि उनके जीवन में सबसे सुरक्षित और विश्वसनीय लोग उनके माता-पिता/अभिभावक और शिक्षक हैं।
- उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया कि वे अपने साथ हुई हर छोटी-बड़ी घटना, खासकर किसी भी असहज स्पर्श या अपरिचित व्यक्ति के प्रयास की जानकारी, बिना किसी डर या संकोच के तुरंत अपने माता-पिता/अभिभावकों को बताएं।

**3. महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:**

- बच्चों को 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 112 (आपातकालीन सेवा) जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों को याद करने और आपात स्थिति में उनका उपयोग करने का तरीका सिखाया गया।

**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की प्रतिबद्धता:**

यह जागरूकता कार्यक्रम बाल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, 'मिशन शक्ति 5.0' के माध्यम से न केवल महिलाओं बल्कि बच्चों को भी सशक्त, सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि वे एक भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण में अपना बचपन जी सकें।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2874**
**दिनांक- 16.12.2025**

**जोन-पूर्वी/ थाना-विकासनगर**

- **लखनऊ पुलिस का बड़ा एक्शन: 75 वर्षीय वरिष्ठ महिला को 'डिजिटल अरेस्ट' से बचाया, ₹1.5 करोड़ की ठगी विफल।**
- **WhatsApp Video Call से 'डिजिटल अरेस्ट': CBI अधिकारी बनकर वरिष्ठ महिला को धमकाया, ₹1.5 करोड़ की ठगी का प्रयास।**
- **₹1.5 करोड़ की FD सुरक्षित: CBI अधिकारी बनकर ठगी करने वाले साइबर जालसाजों के मंसूबों पर लखनऊ पुलिस ने फेरा पानी।**

**01-कार्यवाही:-**

दिनांक 15.2.2025 को थाना विकासनगर लखनऊ पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत निवास करने वाली एक 75 वर्ष बुर्जुग महिला (वरिष्ठ नागरिक) से कई दिनों से कुछ अन्जान व्यक्ति सीबीआई ऑफीसर बताकर अलग-2 नम्बरों व्हाट्सअप कॉल व फोन कॉल करके धमकी दे रहे हैं कि आप लोगों ने आतंकी संगठनो से पैसा प्राप्त किया है जिसका उपयोग आतंकी घटनाओं में किया गया है जिसकी जॉच में आप तत्काल अपना पैसा सभी बैंकों से निकाल कर एवं एफ0डी0 आदि का भुगतान कराकर एक बचत खाता में जमा कर दें।

इस सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंक से समन्वय स्थापित कर डिजिटल अरेस्ट से पीड़ित महिला को तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करते हुए उनको अवगत कराया गया कि आपके साथ साइबर फ्राड हो रहा है। साइबर फ्राड करने वालों के नम्बरों की जानकारी तत्काल साइबर सेल को देते हुए।

महिला से विस्तृत जानकारी की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 11.12.2025 शाम 5बजे लगभग मेरे मोबाईल फोन पर एक नम्बर से कॉल आयी जिनके द्वारा मेरे पति स्व0 शिव कुमार शुक्ला के मोबाइल नम्बर को बताया गया और बताया गया कि इस मोबाईल नम्बर व इनके आधार कार्ड का प्रयोग मनी लॉड्रिंग में हुआ है जिसमें लगभग 50 करोड़ रूपये की फडिंग आतंकी संगठनो से हुई और उस पैसे का प्रयोग कश्मीर व दिल्ली में घटित हुई आतंकी घटनाओं में हुआ है, हम लोग सी0बी0आई0 पुणे से इसकी जॉच कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा व्हाट्सअप नम्बर मांगा गया और व्हाट्सअप पर वीडियो कॉल करके मुझे वर्दी में बैठे ऑफीसर व ऑफिस दिखायी गयी तथा मुझे धमका कर मेरा ब्रेन वॉश करके मुझसे आधार कार्ड व बैंक डिटेल ले ली गयी और रोज रोज बात करने के बाद एक कोड दिया जाता था जिसमें बात करने वाला व्यक्ति कहता था कि मैं कोड पूछूगा तो जब आप कोड बताओगे तथी आगे की बात होगी एवं यह भी कहा गया कि तत्काल जो भी पैसा आपके पास है और बैंक खातों में जमा है।

तत्काल इनको एक बचत खाता में जमा करिये इसके बाद मैं आपको एक बैंक डिटेल दूगा जिसमें आप आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से पैसे ट्रान्सफर कर देना एवं यह बात अपने किसी परिजन आदि को नहीं बताना है और न ही घर से बाहर जाना है ,न ही किसी को घर में बुलाना है यदि बता दिये तो आप जान लीजिये कि सभी की मेरे पास डिटेल है मैं उसको पकड़ कर पुणे ले जाऊगा और तुम सभी की  हत्या करा दूगा।

इन्ही सभी बातों के डर से एफडी व पासबुक आदि प्रपत्र लेकर एफ0डी0 का भुगतान की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी हूॅ। पुलिस द्धारा बैंक से समन्वय स्थापित कर तत्काल 1 करोड़ 21 लाख की एफ0डी0 का भुगतान को तत्काल होने से बचााते हुए बैंक खाता फ्रीज कराया गया। पीड़ित महिला को पूर्ण से साइबर जालसाज से बचाये जाने हेतु विस्तृत पूछतांछ की गयी तो यह भी तथ्य प्रकाश में आया कि दिनांक 11.12.2025 से दिनांक 15.12.2025 तक साइबर जालसाजों द्धारा किये गये डिजिटल अरेस्ट के दौरान इनके द्धारा अपने कई गोपनीय दस्तावेज जालसाजों से शेयर कर दिये गये है जिस कारण एफडी अकाउन्ट के साथ-2 अन्य बैंक खातों से पैसा गबन होने की प्रबल सम्भावना के दृष्टिगत पीड़ित बुर्जुग महिला उपरोक्त से अन्य बैंक खाता की जानकारी की गयी जिनके द्धारा बताया गया कि मेरा अन्य कई बैंको में खाता है जिसमें भी काफी पैसा जमा है, साइबर फ्रॉड से पीड़ित बुर्जुग महिला उपरोक्त को पूर्ण सुरक्षा प्रदान किये जाने के क्रम में उनसे सम्बन्धित सभी बैंक ग्रामीण बैंक, आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक व अन्य बैंकों में भी जाकर बैंक से समन्वय स्थापित कर उनके सहयोग से खातों को फ्रीज कराकर पुलिस द्धारा उनकी बैंकों में जमा पूजी शत प्रतिशत साइबर जाल साजों द्धारा ठगी की घटना को रोकते हुए लगभग 1.5 करोड़ रूपये की डिजिटल फ्रॉड की बड़ी घटना घटित होने से बचाया गया।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-2873**
**दिनांक-16.12.2025**

**जोन- उत्तरी/ थाना-इटौंजा**

- ***थाना इटौंजा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, एटीएम फ्राड गैंग का खुलासा।***
- ***एटीएम बदलकर ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।***
- **गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद एटीएम कार्ड, 01 अदद मेट्रो स्मार्ट कार्ड व ₹4,400/- नगद बरामद।**

**01-सक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 21.09.2025 को थाना इटौंजा पर एक वादिनी द्वारा शिकायत दी गई कि एटीएम मशीन से धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया गया, जिसके पश्चात उसके बैंक खाते से ₹20,000/- की अवैध निकासी कर ली गई। उक्त प्रकरण में थाना इटौंजा पर मु0अ0सं0 180/2025, धारा 318(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना इटौंजा पुलिस टीम द्वारा क्राइम टीम व सर्विलांस टीम के सहयोग से जांच की गई। मुखबिर खास की सूचना पर अभियोग से संबंधित अभियुक्त दीपक पुत्र रमेश (उम्र 26 वर्ष) निवासी सासिया कॉलोनी, देवकली, थाना फरधान, जनपद लखीमपुर खीरी को दिनांक 15.12.2025 को सूरजपुर गढ़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एटीएम के आसपास रैकी कर, एटीएम का प्रयोग न कर पाने वाले व्यक्तियों/महिलाओं की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने की बात स्वीकार की। अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद एटीएम कार्ड, 01 मेट्रो स्मार्ट कार्ड तथा ₹4,400/- नगद बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

***02-पूछताछ का विवरण-***

दौराने पूछताछ अभियुक्त दीपक उपरोक्त ने बताया मै अपने अन्य **03 साथियों 1. संजीत उर्फ पेड़ा** पुत्र शिशुपाल निवासी सासिया कालोनी , देवकली कालोनी, थाना फरधान लखीमपुर खीरी **2. सुरेन्द्र उर्फ बैकी** पुत्र सुन्दर उर्फ सुन्दरलाल निवासी सासिया कालोनी , देवकली कालोनी, थाना फरधान लखीमपुर खीरी **3. मंजीत** पुत्र विजेन्दर निवासी सहाबगंज कालोनी थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के साथ मिलकर पहले रैकी करते है तथा ऐसे व्यक्तियों /महिलाओ पर नजर रखते है जो ATM मशीन को सही से चलाना नही जानते है। उन्ही लोगो की मदद के बहाने हम 01 या 02 लोग ATM के अंदर जाते है और चालाकी से ATM बदल देते है तथा 02 लोग ATM के बाहर बाइक तैयार रखते है।

पैसा निकालने के दौरान ATM मशीन से ATM कार्ड बदलकर भाग जाते हैं तथा अलग अलग जगहों पर लगे ATM से पैसा निकाल लेते है। अभियुक्त दीपक उपरोक्त के कब्जे से 02 अदद ATM कार्ड, 01 अदद मेट्रो कार्ड व 4400 रूपये बरामद हुआ। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-2872
दिनांक-16.12.2025

### जोन- उत्तरी/ थाना-इटौंजा

### *टाटा मोटर्स में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ऑनलाइन नियुक्ति पत्र जारी कर ठगी करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी।*

- फर्जी नियुक्ति पत्र भेजकर ठगी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार
- टाटा मोटर्स में नौकरी का झांसा देकर लाखों की साइबर ठगी
- फर्जी ई-मेल व सिम के जरिए चला रहा था जॉब स्कैम
- थाना इटौंजा पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही

**01-सक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 02.06.2025 को थाना इटौंजा पर वादी मुकदमा श्री निहाल चंद्र गुप्ता पुत्र श्री संतोष कुमार गुप्ता, निवासी अमानीगंज, इटौंजा, लखनऊ द्वारा एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रार्थना पत्र के अनुसार अज्ञात मोबाइल नंबर 7452052160 से संपर्क कर वादी को टाटा मोटर्स में चयन होने का झांसा दिया गया तथा चयन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु तथाकथित "वेरिफिकेशन" के नाम पर विभिन्न क्यूआर कोड के माध्यम से कुल ₹3,33,903/- (तीन लाख तैंतीस हजार नौ सौ तीन रुपये) की ठगी की गई।

उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना इटौंजा पर मु0अ0सं0 86/25 धारा 66D आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान संलिप्त अभियुक्त आयुष शर्मा पुत्र वीरेंद्र कुमार शर्मा को थाना इटौंजा पुलिस द्वारा साइबर सेल टीम की सहायता से गिरफ्तार किया गया।

**02-पूछताछ का विवरण-**

दौरान पूछताछ अभियुक्त द्वारा स्वीकार किया गया कि वह विभिन्न जॉब पोर्टलों पर टाटा मोटर्स में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम से फर्जी विज्ञापन पोस्ट करता था। इच्छुक अभ्यर्थी उससे ई-मेल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करते थे। अभियुक्त द्वारा टाटा मोटर्स के नाम से फर्जी ई-मेल आईडी rajeev.tatamotors.com@gmail.com तैयार की गई थी तथा फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर बैंक वॉलेट बनाकर ठगी की रकम प्राप्त की जाती थी। लेन-देन के पश्चात अभियुक्त सिम कार्ड नष्ट कर देता था।

अभियुक्त द्वारा वादी को टाटा मोटर्स में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ऑनलाइन नियुक्ति पत्र तैयार कर भेजा गया तथा तथाकथित वेरिफिकेशन प्रक्रिया के नाम पर विभिन्न क्यूआर कोड के माध्यम से धनराशि ली गई। अभियुक्त के व्हाट्सएप चैट हिस्ट्री से यह भी तथ्य प्रकाश में आया है कि उसने कई अन्य व्यक्तियों को भी फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल/व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे हैं। **विवेचना में अभियोग में धारा 318(4)/336/338/340 बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

**03-अपराध का तरीकाः-**

वादी का चयन टाटा मोटर्स मे हो जाने एवं आनलाइन कूटरचित नियुक्त पत्र भेजकर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए वैरिफिकेशन प्रक्रिया के तहत भिन्न-भिन्न क्यूआर कोड के माध्यम से कुल तीन लाख तैतीस हजार नौ सौ तीन रूपये का फ्राड करना

**04-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—**

1. आयुष शर्मा पुत्र विरेन्द्र कुमार शर्मा, स्थायी निवासी- किसान सहकारी चीनी मिल, डुंगरा जाट, खालिकाबाद/ दुन्ग्रजत, कसक मिल अनूपशहर, बुलन्दशहर, उ0प्र0 पिन कोड 202391 वर्तमान पताः- फ्लैट नम्बर 510, टावर नं0 07 ड्रीम होम्स सेक्टर 05 वेवसिटी थाना वेवसिटी जनपद गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष व्यवसाय – निल

**05-बरामदगीः-**

1. रेडमी 10 प्राइम imei 868480058742078, 868480058742086
2. सैमसंग मोबाइल imei 355333100407960, 355333100407962
3. आईफोन 12 imei 356753560280988, 356753560038790
4. 600 रूपया नगद/-

**06-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना इटौंजा-**

1. निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव थाना इटौंजा लखनऊ
2. का0 चिराग त्यागी थाना इटौंजा लखनऊ

**साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ -**

1. उ0नि0 अरविन्द यादव साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ
2. हे0का0 गौरव शुक्ला साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ
3. हे0का0 शमशाद अली साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ
4. हे0का0 शिववीर सिंह साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ
5. का0 सनीफ रजा साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ
6. का0 आमिर खान साईबर सेल टीम कमिश्नरेट लखनऊ